# अध्याय - 12 | भदंत आनंद कौसल्यायन्न- संस्कृति

## QUIZ-01

1. **मोती भरा थाल किसे कहा गया है?**
   A. आकाश में खिले तारों को
   B. खेत में लगे फसलों को
   C. समुद्र को
   D. वन को (B)

*व्याख्या :* खेत में लहराती फसलें मोतियों जैसी लगती हैं, इसलिए उसे "मोती भरा थाल" कहा गया है।

2. **संस्कृति का जनक कौन है?**
   A. पेट भरने वाला
   B. तन ढँकने वाला
   C. ज्ञान पैदा करने वाला
   D. संस्कृत पढ़ने वाला (C)

*व्याख्या :* ज्ञान उत्पन्न करने वाला व्यक्ति ही संस्कृति का निर्माता होता है, क्योंकि संस्कृति ज्ञान, आचार और मूल्यों से विकसित होती है।

3. **मनुष्य ने पेट की भूख शांत करने के लिए किसका आविष्कार किया?**
   A. औजार B. आग
   C. बर्तन D. इनमें से कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* औजारों के निर्माण से मनुष्य शिकार कर सका और खेती कर पाया, जिससे भूख मिटाने का उपाय मिला।

4. **मौसम से बचने तथा शरीर को सजाने के लिए किसका आविष्कार किया गया?**
   A. आभूषण
   B. वस्त्र का
   C. सुई-धागे का
   D. इनमें से कोई नहीं (B)

*व्याख्या :* वस्त्रों का आविष्कार मौसम की मार से बचने और शरीर को ढकने व सजाने के लिए किया गया।

5. **किसी नयी चीज की खोज कौन करता है?**
   A. एक संस्कृत व्यक्ति
   B. वैज्ञानिक
   C. ज्ञानी व्यक्ति
   D. इनमें से कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* ज्ञानी व्यक्ति अपनी सोच और समझ से नई खोज करता है, चाहे वह वैज्ञानिक हो या न हो।

6. **गौतम बुद्ध ने अपना घर क्यों त्याग दिया था?**
   A. मानवता के सुख के लिए
   B. बौद्ध धर्म की स्थापना के लिए
   C. प्रतिष्ठा पाने के लिए
   D. इनमें से कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* गौतम बुद्ध ने मानवता के कल्याण और दुखों से मुक्ति का मार्ग खोजने के लिए घर त्यागा था।

7. **कार्ल मार्क्स ने किसे सुखी देखने का स्वप्न देखा था?**
   A. परिवार को
   B. मजदूरों को
   C. समाज को
   D. इनमें से कोई नहीं (B)

*व्याख्या :* कार्ल मार्क्स ने शोषण से मुक्त एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जिसमें मजदूर वर्ग सुखी हो।

8. **संस्कृति का संबंध किससे होता है?**
   A. विकास-भावना से
   B. कल्याण भावना से
   C. आस्था से
   D. विनाश से (B)

*व्याख्या :* संस्कृति का मूल उद्देश्य मानव कल्याण होता है, इसलिए इसका संबंध कल्याण भावना से होता है।

9. **मानव को सुख-सुविधा देने वाले साधन क्या कहलाते हैं?**
   A. संस्कार
   B. सभ्यता
   C. असभ्यता
   D. प्रतिष्ठा (B)

*व्याख्या :* जब मनुष्य भौतिक सुख-सुविधा के लिए उपकरण बनाता है, तो वह सभ्यता का निर्माण करता है।

10. **मनुष्य किसके अनुसार विभिन्न आविष्कार करता है?**
   A. सोच के
   B. सिद्धांत के
   C. संस्कृति के
   D. आवश्यकता के (D)

*व्याख्या :* "आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है" — इसी विचार पर मनुष्य नवाचार करता है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES